# केन्द्रीय विद्यालय सीतापुर पाली -I

## KENDRIYA VIDYALAYA SITAPUR SHIFT-I

Unit Test -I इकाई परीक्षा - **I**

Subject – History विषय - इतिहास Class – 11 कक्षा - ग्यरहवीं

Time समय: 1½ घंटे Max. Marks पूर्णांक: 40 अंक

Paper Code: 027rcdkvstp23

**Part – A (खण्ड. - क)**

बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर (**Objective Answer Type Questions) 8x1=8 Marks**

**1**. Which of the following is not correct about Mesopotamian Script? मेसोपोटामिया लिपि के सम्बन्ध में कौन सा तथ्य सही नहीं है?

a. Letters are Cuneiform अक्षर कीलाकार है.

b. Written on clay Tablets मिट्टी की पट्टिकाओ पर लिखी गयी है.

c. Not Deciphered yet अभी तक पढ़ी नहीं जा सकी है.

d. All the above are wrong. सभी कथन गलत है.

**2**. Which metal is not used in Mesopotamian civilization? मेसोपोटामिया की सभ्यता में किस धातु का प्रयोग नहीं होता था?

a. Iron लोहा

b. Bronze कांसा

c. Copper तांबा

d. All the above are wrong. सभी गलत है.

**3**. Which of the following was the Imperial Town in Mesopotamia? निम्नलिखित में से कौन मेसोपोटामिया में राजकीय शहर था?

a. Ur उर

b. Uruk उरुक

c. Mari मारी

d.Lagas लगास

**4**. In Mesopotamia Inanna was the Goddess of.... मेसोपोटामिया में इनन्ना किसकी देवी थी?

a. Forest जंगल

b. Motherland मात्रभूमि

c. Love and War प्रेम एवं युद्ध

d. Wealth संपत्ति

https://www.evidyarthi.in/

**5**.टिबेरियस कौन था? Who was Tiberius?

a. आगस्टस का अपना पुत्र Was the natural son of Augustus

b. आगस्टस का गोद लिया पुत्र Was the adopted son of Augustus

c. जूलियस सीजर का पुत्र Was the son of Julius Caesar

d. त्राजन का अपना पुत्र Was the natural son of Trajan

**6**.सार्वजनिक स्नान-गृह एक खास विशेषता थी: Public baths were a striking feature of:

a. ईरान का साम्राज्य Iranian empire

b. रोम Rome

c. मेसोपोटामिया के शहर Mesopotamian city

d. उपरोक्त मे से कोई नहीं None of the above

रोमन साम्राज्य के तीसरी शताब्दी के संकट के विषय मे कौन सा सही नहीं है:

**7**. Which is not correct about third century crisis of Roman empire?

a. ईरान मे, 225 ई0 मे अपेक्षाकृत एक अधिक आक्रामक वंश उभर कर सामने आया।
In Iran a new and more aggressive dynasty emerged in 225

b. शापुर प्रथम ने दावा किया था कि उसने 60,000 रोमन सेना का सफाया कर दिया है।
Shapur I, claimed he had annihilated a Roman army of 60,000

c. रोमवासियों को राइन से आगे का क्षेत्र छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।
The Romans were forced to abandon much of the territory beyond the Rhine.

d. तीसरी शताब्दी मे थोड़े-थोड़े अंतर (47 वर्षों मे 25 सम्राट) से अनेक सम्राट सत्तासीन हुये।
The rapid succession of emperors in the third century (25 emperors in 47 years!)

**8**. निम्न कथनो पर विचार कीजिये Consider the following statement (s):

I. रोम की महिलाओं को संपत्ति के स्वामितत्व व संचालन मे व्यापक कानूनी अधिकार प्राप्त थे।
Roman women enjoyed considerable legal rights in owning and managing property.

II. कानून के अनुसार पति-पत्नी को संयुक्त रूप से एक वित्तीय हस्ती माना जाता था।
In law the married couple was one financial entity.

उक्त कथनों मे से कौन से कथन रोम-समाज के विषय मे सही है:

Which of the above statement (s) is/are correct about Roman Society?

a. केवल कथन I Only I

b. केवल कथन II Only II

c. दोनों कथन I & II

d. उपरोक्त मे से कोई नहीं। None of the above

https://www.evidyarthi.in/

## Part – B (खण्ड. – ख)

लघुत्तरीय प्रश्नोत्तर (**Short Answer Type Questions) 3x4=12 Marks**

9.What do you understand by the term Mesopotamia?

मेसोपोटामिया शब्द से आप क्या समझते हैं ?

10.Give details of social hierarchy in Roman Empire.

रोमन साम्राज्य के सामाजिक समूहों का वर्णन कीजिए ।

11.What is the style of writing or script used by Mesopotamians?

मेसोपोटामिया के लोगों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली लेखन शैली या लिपि क्या है?

12.How do you think the clashes /conflicts between war leaders in Mesopotamia would have checked?

आपको क्या लगता है कि मेसोपोटामिया में युद्ध के नेताओं के बीच संघर्ष/संघर्ष की जाँच कैसे हुई होगी?

## Part – C (खण्ड. - ग)

दीर्घ उत्तरीय प्रश्नोत्तर (**Long Answer Type Questions) (4x2=8 Marks)**

**12.** Describe the characteristics of writing skill of Mesopotamian Civilization? 4

मेसोपोटामियाई सभ्यता की लेखन कला की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिये।

**13.** What is meant by “Late antiquity”? Which religious and administrative changes were made during this period? Explain परवर्ती पुराकाल से क्या अभिप्राय है? इस अवधि में रोमन साम्राज्य में कौन-कौन से धार्मिक तथा प्रशासनिक परिवर्तन हुए? वर्णन कीजिए | (1+3)

## Part – D (खण्ड. – घ)

**केस और स्रोत आधारित प्रश्नोत्तर Case and Source Based Questions (4x2 =8 Marks)**

14. Read the following passage carefully and answer the questions that follows:

### The Warka Head



This woman's head was sculpted in white marble at Uruk before 3000 BCE. The eyes and eyebrows would probably have taken lapis lazuli (blue) and shell (white) and bitumen (black) inlays, respectively. There is a groove along the top of the head, perhaps for an ornament. This is a world-famous piece of sculpture, admired for the delicate modelling of the woman's mouth, chin and cheeks. And it was modelled in a hard stone that would have been imported from a distance.

### वार्का शीर्ष



3000 ई.पू. उरुक नगर में स्त्री का यह सिर एक सफ़ेद संगमरमर को तराशकर बनाया गया था। इसकी आँखों और भौंहों में क्रमशः नीले लाजवर्द (Lapis lazuli) तथा सफ़ेद सीपी और काले डामर (Bitumen) की जड़ाई की गई होगी। सिर के ऊपर एक खाँचा बना हुआ है जो शायद गहना पहनने के लिए बनाया गया था। यह मूर्तिकला का एक विश्व-प्रसिद्ध नमूना है, इसके मुख, ठोड़ी और गालों की सुकोमल-सुंदर बनावट के लिए इसकी प्रशंसा की जाती है। यह एक ऐसे कठोर पत्थर में तराशा गया है जिसे काफी अधिक दूरी से लाना पड़ा होगा।

https://www.evidyarthi.in/

1. Where was this head found? यह शीर्ष कहा पाया गया है ? (1)

2. Why was it admired? Explain the features of Warka Head. (1)

इसकी प्रशंसा क्यों की जाती है ? वार्का शीर्ष की विशेषताए लिखे |

3. Beginning with the specialists who would be involved in the production of such a piece of sculpture?

पत्थर लाने से लेकर मूर्ति बनाने में किन विशेषज्ञों का योगदान रहा होगा ? सूची बनाइये | (2)

15. Read the following passage carefully and answer the questions that follows:

**On the Treatment of Slaves**

'Soon afterwards the City Prefect, Lucius Pedanius Secundus, was murdered by one of his slaves. After the murder, ancient custom required that every slave residing under the same roof must be executed. But a crowd gathered, eager to save so many innocent lives; and rioting began. The senate-house was besieged. Inside, there was feeling against excessive severity, but the majority opposed any change (....) [The senators] favouring execution prevailed. However, great crowds ready with stones and torches prevented the order from being carried out. Nero rebuked the population by edict, and lined with troops the whole route along which those condemned were taken for execution.'

– Tacitus (55-117), historian of the early empire.

**दासों के प्रति व्यवहार**

कुछ ही समय बाद शहर के शासक ल्यूसियस पेडेनियस सेकंडस का उसके एक दास ने कत्ल कर दिया। कत्ल के पश्चात, पुराने रिवाज के अनुसार यह आवश्यक था कि एक ही छत के नीचे रहने वाले प्रत्येक दास को फाँसी दे दी जाए। परन्तु बहुत से निर्दोष लोगों को बचाने के लिए भीड़ एकत्र हो गई और दंगे शुरू हो गए। सैनेट भवन को घेर लिया गया हालांकि सैनेट भवन में अत्यधिक कठोरता का विरोध किया जा रहा था। परंतु अधिकांश सदस्यों ने परिवर्तन किए जाने का विरोध किया। जो सैनेटर फाँसी देने के पक्ष में थे, उनकी बात मानी गई। परन्तु पत्थर और जलती हुई मशालें लिए भारी भीड़ ने इस आदेश को कार्यान्वित किए जाने से रोका। नीरो ने अभिलेख द्वारा इन लोगों को फटकार लगाई, उन सारे मार्गों पर सेना लगा दी गई जहाँ सैनिकों के साथ दोषियों को फाँसी पर चढ़ाने के लिए ले जाया जा रहा था।

– टैसिटस (55-117), आरंभिक साम्राज्य का इतिहासकार।

i.What steps were taken to save the innocent people? (1)

निर्दोष लोगो को बचाने के लिए कौन से कदम उठाये गए ?

ii. What had been done with slaves according to old traditions? (1)

पुराने रिवाज के अनुसार दासो के साथ क्या किया जाता था ?

iii. What was the senators want? Why more importance given to their voice? (2)

सीनेटर क्या चाहते थे? उनकी बात क्यों मानी गयी ?

## (खंड ड) / SECTION – E

16.(A) दिये गए विश्व के मानचित्र में निकट बिन्दु वाले स्थानों को निम्नलिखित संदर्भों में पहचान कर उनके नाम लिखिए- 2

A - मेसोपोटामिया का एक पशुचारक शहर B- मेसोपोटामिया सभ्यता की एक महत्वपूर्ण नदी

16.B. विश्व के इसी मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइये- 2

1. मिश्र 2. इराक

https://www.evidyarthi.in/

16.(A). As per the following references, identify the places marked as points near A & B in the given map of the World. Write their names on the lines.

( A). A pastoral city of Mesopotamia (B). An important river of Mesopotamia civilization

16.(B). Locate the following in the world map

1. Egypt 2. Iraq

नोट - निम्नलिखित प्रश्न केवल द्रष्टिबाधित छात्रों के लिए प्रश्न संख्या16 के स्थान पर है |

मेसोपोटामिया सभ्यता के दो नगरो के नाम लिखिए | 2

रोम साम्राज्य के किन्ही दो केन्द्रो के नाम लिखिए . 2

Note: The following question is only for visually Impaired students only in place of Q.No.16.

A-Write any two names of Mesopotamian cities. B- Name any two centers of Roman Empire.




**END OF PAPER**

https://www.evidyarthi.in/

https://www.evidyarthi.in/